# कार्यालय प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,सुलतानपुर उत्तर प्रदेश

ई–मेल: asnmc2023@gmail.com वेबसाइट : www.asnmcsultanpur.in

पत्रांकः ए0एस0एम0सी0 / सुलतानपुर / 2023 / 1026 दिनॉकः 9 / 10 / 2023

## वाक–इन–इंटरव्यू

**स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सुल्तानपुर के विभिन्न विभागों के अन्तर्गत संविदा के आधार पर आचार्य,सह–आचार्य एवं सहायक आचार्य के रिक्त पदों पर सेवायोजन हेतु विज्ञाप्ति।**

एन0एम0सी0 / एम0सी0आई मानकों के पूर्ति हेतु इस चिकित्सा महाविद्यालय में आचार्य, सह–आचार्य एवं सहायक आचार्य के सृजित पदों को संविदा के आधार पर भरे जाने हेतु आवेदन पत्र एतद् द्वारा आमंत्रित किये जाते है। इन पदों पर चयन, चयन समिति के द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से किया जायेगा। साक्षात्कार हेतु कार्यालय प्रधानाचार्य स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जिला अस्पताल परिसर सुल्तानपुर में प्रातः 10:00 बजे अपने समस्त शैक्षिक / अनुभव प्रमाण पत्रों / शोध पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियों के दो सेट, बायोडाटा, एनओसी (वर्तमान कार्यस्थल से), 2 पासपोर्ट फोटो एवं अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों सहित संलग्न प्रारुप के साथ उपस्थित हों।

चिकित्सा शिक्षकों के पदों की रिक्तियाँ एवं नियुक्ति की शर्तें स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सुल्तानपुर के वेबसाइट– www.asnmcsultanpur.in पर उपलब्ध हैं। रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता और महंगााई भत्ता मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | विशिष्टता | आचार्य | | सह आचार्य | | सहायक आचार्य | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पदो की संख्या | श्रेणी | पदो की संख्या | श्रेणी | पदो की संख्या | श्रेणी |
| 1 | आर्थोपेडिक्स | -- | -- | 01 | SC | -- | -- |
| 2 | आप्थलमोलॉजी | -- | -- | -- | -- | 01 | SC |
| 3 | आब्सट्रेटिक्स एण्ड गायनीकोलॉजी | 01 | SC | -- | -- | -- | -- |
| 4 | इमिनोहिमैटोलोजी एण्ड ब्लड ट्रांसफयूजन (ब्लड बैंक) | -- | -- | -- | -- | 01 | UR |
| 5 | इमरजेन्सी मेडिसिन | 01 | UR | 01 | OBC | 01 | SC |
| 6 | एनाटमी | 01 | 0BC | -- | -- | 01 | OBC |
| 7 | एनेस्थीसियोलॉजी | 01 | UR | 01 | SC | 01 | UR |
| 8 | जनरल मेडिसिन | 01 | SC | 01<br>01 | UR<br>OBC | 01 | OBC |
| 9 | जनरल सर्जरी | 01 | UR | 01 | OBC | 01 | OBC |
| 10 | ट्यूबरकुलोसिस एण्ड रेस्पिरेटरी मेडिसिन / पल्मोनरी मेडिसन | -- | -- | 01 | EWS | -- | -- |
| 11 | पीडियाट्रिक्स | -- | -- | 01 | OBC | -- | -- |
| 12 | फार्माकोलॉजी | -- | -- | 01 | SC | -- | -- |
| 13 | फिजियोलॉजी | 01 | OBC | -- | -- | -- | -- |
| 14 | फोरेन्सिक मेडिसिन | -- | -- | -- | -- | 01 | UR |
| 15 | बायोकेमिस्ट्री | 01 | UR | 01 | OBC | 01 | OBC |
| 16 | रेडियो – डायग्नोसिस | | | 01 | OBC | 01 | SC |
| | योग :– | 08 | | 11 | | 10 | |

प्रधानाचार्य,
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,
सुल्तानपुर।

## संविदा पर नियुक्ति की शर्ते निम्नवत है—

1. साक्षात्कार की कार्यवाही मंगलवार को समय 10 बजे कार्यालय, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सुल्तानपुर में सम्पन्न होगी। यदि समय/स्थान परिवर्तन होता है तव उसकी संशोधित सूचना वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जायेगी। इसके पश्चात पद रिक्त होने की दशा में अग्रिम तीन माह तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार (अवकाश दिवश को छोड़कर) को साक्षात्कार आयोजित होते रहेंगे। जिसके लिए इच्छुक अभ्यार्थी को साक्षात्कार दिवश को अपना पूर्ण आवेदन पत्र प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सुल्तानपुर में प्रस्तुत करना होगा।
2. संविदा पर तैनात होने वाले अभ्यार्थी की संविदा अवधि 1 वर्ष अथवा नियमित नियुक्ति होने, जो भी पहले घटित हो, तक ही मान्य रहेगी। नियमित चिकित्सा शिक्षक उपलब्ध न होने पर आवश्यकता अनुसार इनकी संतोष जनक सेवा के आधार पर कार्याकाल को पुनः बढ़ाया जा सकेगा।
3. नियत वेतन के अतिरिक्त संविदा पर कार्यरत चिकित्सा शिक्षक को अन्य किसी प्रकार के वेतन/भत्ते एवं सेवागत लाभ अनुमन्य नही होंगे।
4. शासनादेश सं—104/2019/5044/71—1—18—जी—63/2018, दिनांकः21/11/2019 के अनुसार संविदा पर नियुक्ति चिकित्सा शिक्षकों को नियत वेतन देय होगा। इस सम्बन्ध में शर्ते शासन द्वारा समय—समय पर पूर्व में निर्गत भिन्न—भिन्न शासनादेश अनुसार होगी।
5. इस हेतु आवेदक को Medical Council of India Or National Medical Commission Minimum Qualification For Medical Teachers In Medical Institute Regulations. 198 द्वारा निर्धारित समय—समय पर जारी संशोधन/नोटिफिकेशन के अनुसार आर्हतायें एवं अनुभव पूर्ण करना आवश्यक है।
6. साक्षात्कार में सम्मलित होने हेतु कोई यात्रा भत्ता आदि देय नही होगा।
7. आरक्षण सम्बन्धी 100 विन्दुओं का रोस्टर/या शासनादेश सं—5/2019/4/1/2002 का—2/2019 टी0सी0—1, दिनांकः 13/08/2019 का अनुपालन मान्य होगा। यदि विशिष्टता में कैटेगरी का अर्ह अभ्यार्थी प्राप्त नही होता है तो उक्त पद को उपलब्ध अर्ह सामान्य अभयर्थियों से भरा जायेगा।
8. शासनादेश संख्या:562/71—1—1—2020—जी—63/2008 दिनांक 10 जून,2020, द्वारा संविदा पर नियुक्ति चिकित्सा शिक्षकों को अधिक्तम आयु नियुक्ति वर्ष के जुलाई माह को प्रथम दिवस को सहायक आचार्य 60 वर्ष, सह—आचार्य 64 वर्ष, एवं आचार्य हेतु 68 वर्ष होगी।
9. संविदा पर नियुक्ति चिकित्सा शिक्षक संविदा कालावधि के लिए किसी प्रकार का पेंशन सम्बन्धी सुविधावों का हकदार नही होगा। उसे ऐसे कालावधि के लिए कोई बोनस नही देय होगा।
10. संविदा पर चिकित्सा शिक्षक शासकीय सेवा में विनिमयतीकरण के लिए हकदार नही होंगे।
11. पदों की संख्या घट या बढ़ सकती है।

भवदीय

प्रधानाचार्य,
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,
सुल्तानपुर।

तद्‌दिनांकः—

पत्रांकः ए0एस0एम0सी0/सुल्तानपुर/2023/1026-3
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग—3 उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन, छंठा तल, उ0प्र0 लखनऊ इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को महानिदेशालय कि वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
3. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, सुल्तानपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने का कष्ट करें।

प्रधानाचार्य,
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,
सुल्तानपुर।